राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चटतर माध्यमिक पाठ्यक्रम डाटा एंट्री ऑपरेशंस
पाठ 6 : **स्प्रैडशीट मूलभूत तथ्य**
कार्यपत्रक - 6

1. “रीच रिक्रूटमेंट कंपनी”की एचआर मैनेजर राधिका ने उम्मीदवारों के बायोडेटा को एक स्प्रेड शीट में संग्रहित किया है। जूनियर इंजीनियर के पद के लिए 15 उम्मीदवार हैं। उम्मीदवारों के लिए इंटरव्यू के चार दौर आयोजित किए गए थे। मैनेजर आयोजित इंटरव्यू के प्रत्येक दौर के गोपनीय टिप्पणियों को एक स्प्रेड शीट में संग्रहित करना चाहता है। उनकी वर्कशीट को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न तरीके स्पष्ट करें।

2. रेनू की माँ ने अपने दोस्त के लिए एक वर्क शीट बनाई और उनसे हेडर सेल्स पर बॉडर देकर सेल को फॉर्मेट करने के लिए कहा। लड़कियों के लिए पिंक रंग और लड़कों के लिए नीले रंग से अन्य सेल को भरें। तारीख के लिए विभिन्न फॉर्मेटों का प्रयोग करें।

	के नाम	तिथि
		ल 1999
		वरी 2001
		त्तूबर 2001
		मवरी 2000
		त्तूबर 1999
		गाई 2001

3. गौरी अपने चार दोस्तों के विवरण के साथ एक वर्क शीट बना रही है। वह प्रत्येक दोस्त के लिए एक अलग कॉलम बनाती है और सेल में उनके बारे में लिखती है और फिर वह ऑटोफिट और रैप टेक्स्ट फीचर का उपयोग करती है। ऑटोफिट कॉलम के लिए स्टेप लिखें।

4. एक्सेल में किसी भी कक्षा का टाइम टेबल बनाएँ।

1) पीरियड और दिनों के नाम के लिए बॉर्डर जोड़ें।

2) शनिवार और रविवार के लिए अलग-अलग रंग भरें।

	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J
1		Time Table of Class XI								
2	Days	I	II	III	IV	Break	V	VI	VII	VIII
3	Monday									
4	Tueday									
5	Wednesday									
6	Thursday									
7	Friday									
8	Saturday									
9	Sunday									

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चटतर माध्यमिक पाठ्यक्रम डाटा एंट्री ऑपरेशंस

पाठ 6 : **स्प्रैडशीट मूलभूत तथ्य**

कार्यपत्रक - 6

5. रीना वर्क शीट में बच्चों का विवरण कक्षावार तैयार कर रही थी। उसे प्रत्येक कक्षा के लिए प्रत्येक शीट में कक्षा के नाम का उल्लेख करके अलग-अलग शीट में विवरण भरना होगा। नया वर्कशीट जोड़ने के लिए और वर्कशीट का नाम बदलने के लिए स्टेप लिखें।

6. प्रसाद ने कंपनी के सेल्स विवरण के साथ वर्क शीट बनाया है। वह फरवरी 2020 के सेल्स के बारे में कुछ विवरण जोड़ना भूल गया। डेटा को 15वीं पंक्ति (रो) में इंसर्ट करना होगा। वह सोच रहा था कि भरी हुई वर्कशीट में विवरण कैसे जोड़ा जाए। वर्कशीट में पंक्तियों (रो) को इंसर्ट करने के लिए उसे जिन चरणों (स्टेप्स) का पालन करना है, उन्हें लिखें।

7. यदि आपके पास कॉलम और रो हेडिंग वाली बड़ी वर्कशीट है, तो वर्क शीट स्क्राल करते ही वे हेडिंग गायब हो जाएंगे। स्क्रॉल करते समय रो और कॉलम के हेडिंग देखने के लिए यहाँ किस फीचर का उपयोग किया जा सकता है?

8. वर्क शीट का नाम बदलने के लिए स्टेप्स लिखें।

9. डीडीडी पब्लिक स्कूल ने वर्क शीट में अपने छात्रों के विवरण दर्ज किए हैं। वे छात्रों का विवरण अपने प्रिंसिपल को देना चाहते हैं। जब उन्होंने वर्कशीट का प्रिंट आउट लेने की कोशिश की तो कुछ कॉलम एक ही पेज में प्रिंट नहीं हो रहे थे। प्रत्येक छात्र के बारे में सभी जानकारी को एक ही पेज में दिखाकर वर्कशीट को प्रिंट करने के स्टेप्स का उल्लेख करें।

10. श्याम जिस वर्कशीट में काम कर रहा था, वह उसका कॉपी करना चाहता है। वर्कशीट को कॉपी करने के लिए स्टेप्स लिखें।